Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

OMR Sheet No. : ....

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No. ______________________

(In words)

J—5508

PAPER—II

Test Booklet No.

LABOUR WELFARE & INDUSTRIAL RELATIONS

Time : 1¼ hours] **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   Example : (A) (B) ● (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   उदाहरण : (A) (B) ● (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

LABOUR WELFARE AND INDUSTRIAL RELATIONS/LABOUR AND SOCIAL WELFARE/HUMAN RESOURCE MANAGEMENT

PAPER—II

Note : This paper contains **fifty** (50) multiple-choice questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

Motivation is an effective instrument in the hands of management in inspiring the work force. It is the major task of every manager to motivate his subordinates or to create the will to work among the subordinates, it should also be remembered that a worker may be immensely capable of doing some work, nothing can be achieved if he is not willing to work. Creation of a will to work is motivation in simple but true sense of the term. In order to motivate workers to work for the organisational goals, the manager must determine the motives or needs of the worker and provide an environment in which appropriate incentives are available for their satisfaction. If the management is successful in doing so, it will also be successful in increasing the willingness of the workers for work. This will increase efficiency and effectiveness of the organisation. There will be better utilisation of resources and workers abilities and capacities. Higher motivation leads to job satisfaction of the workers which can reduce absenteeism labour turnover and labour unrest. This will create better industrial relations in the enterprise since there are opportunities in the organisation for the need satisfaction of the workers, they will be more committed to the organisation and the better work force will be willing to join the organisation. Motivation will also faster team spirit among the workers and increase their loyalty to work group.

1. Low motivation can lead to :

(A) increased turnover
(B) increased productivity
(C) willingness to work
(D) None of the above

2. Which of the following statements is correct ?

(A) Need and motive of the worker are one and the same
(B) Job satisfaction is responsible for employee turnover
(C) Motive of an employee can be known by studying his needs
(D) None of the above

श्रम कल्याण एवं औद्योगिक सम्बन्ध/श्रम एवं समाज कल्याण/मानव संसाधन प्रबन्ध

प्रश्न पत्र – II

नोट : इस प्रश्न पत्र में **पचास** (50) वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

श्रमशक्ति को प्रोत्साहित करने के लिये अभिप्रेरणा प्रबन्धकों के हाथ में प्रभावपूर्ण औजार है। अपने अधीनस्थों को प्रेरित करना या उनमें कार्य करने की इच्छा/तत्परता उत्पन्न करना प्रत्येक प्रबन्धक का मुख्य कार्य होता है। यह भी याद रखना चाहिये कि कर्मचारी कोई कार्य करने में अत्याधिक कुशल हो सकता है, परन्तु यदि वो कार्य करने का इच्छुक नहीं है तो कुछ भी प्राप्त नहीं किया जा सकता है। इच्छा उत्पन्न करना सरल परन्तु सच्चे अर्थों में अभिप्रेरणा है। संगठन के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने के लिये प्रबन्धकों को कर्मचारियों के प्रयोजनों या जरूरतों को निश्चित करना चाहिये और ऐसा वातावरण प्रदान करना चाहिये जहाँ उनकी संतुष्टि के लिये उपयुक्त प्रोत्साहन उपलब्ध हैं। यदि प्रबन्धन ऐसा करने में सफल होता है तो, वह कर्मचारियों की कार्य करने की इच्छा भी बढ़ाने में सफल होगा और संगठन की क्षमता और प्रभावोत्पादकता में वृद्धि होगी, संसाधनों और कर्मचारियों की योग्यताओं एवं क्षमताओं का बेहतर उपयोग होगा। अधिक अभिप्रेरणा कर्मचारियों के लिये कार्य से संतुष्टि सम्भव बनाती है जो फिर अनुपस्थिति, श्रम पण्यावर्त और श्रम अशान्ति/उपद्रव को कम कर सकती है। यह उद्यम में बेहतर औद्योगिक सम्बन्ध सृजित करेगी। क्योंकि संगठन में कर्मचारियों की जरूरतों की संतुष्टि के लिये अवसर हैं, तो वे संगठन के प्रति ज्यादा उत्तरदायी होंगें और बेहतर श्रमशक्ति, संगठन में आने की इच्छुक होगी। अभिप्रेरणा कर्मचारियों के बीच दल भावना को भी विकसित करेगी और कार्य समूह के प्रति उनकी निष्ठा को भी बढ़ायेगी।

1. निम्न अभिप्रेरणा किसकी ओर अग्रसर कर सकती है?

(A) पण्यावर्त (टर्नओवर) बढ़त (B) उत्पादकता में वृद्धि

(C) कार्य करने की इच्छा (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(A) कर्मचारी की आवश्यकता और प्रयोजन एक या एकसमान है।

(B) कर्मचारी पण्यावर्त के लिये कार्य (जॉब) संतुष्टि जिम्मेदार है।

(C) कर्मचारी का प्रयोजन उसकी ज़रूरतों को जानने से जाना जा सकता है।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

3. Which of the following is not the function of the manager ?

(A) Motivating the workforce

(B) Providing monetary incentives to workers to make them work

(C) Building team spirit among workers

(D) Reducing distrust between the management and the employees

4. 'Turnover' in this passage refers to :

(A) Total money received by the organisation from sales of its goods

(B) Movement of people into and out of the establishment

(C) Number of workers leaving employment and being replaced

(D) Rate of production by a machine.

5. Workers need to be motivated in order to :

(A) inspire them to increase their productivity

(B) promote fraternity among workers

(C) reduce labour turnover and labour unrest

(D) all of the above

6. 'The Unity of Command' principle of effective direction suggests :

(A) Unity among subordinates

(B) Same command to all

(C) A command must not be altered

(D) A subordinate accountable to only one superior

3. निम्नलिखित में से मैनेजर का कार्य कौन सा नहीं है?

(A) श्रम शक्ति को अभिप्रेरित करना

(B) कर्मचारियों से कार्य करवाने के लिये उन्हें मौद्रिक प्रोत्साहन देना

(C) कर्मचारियों में दल भावना निर्मित करना

(D) प्रबन्ध और कर्मचारियों के बीच अविश्वास कम करना

4. इस परिच्छेद में पण्यावर्त (टर्न ओवर) क्या संकेत करता है?

(A) संगठन द्वारा माल की बिक्री से प्राप्त कुल धन

(B) प्रतिष्ठापन के अन्दर और बाहर लोगों की गति

(C) रोजगार छोड़ रहे और वापस स्थान पर लिये जा रहे कर्मचारियों की संख्या

(D) मशीन द्वारा उत्पादन की दर

5. कर्मचारियों को किसलिए अभिप्रेरित करना चाहिए?

(A) उन्हें अपनी उत्पादकता बढ़ाने के लिये प्रेरित करना

(B) कर्मचारियों के बीच भाईचारा विकसित करने के लिए

(C) श्रम पण्यावर्त और श्रम उपद्रव (अशान्ति) कम करना

(D) उपर्युक्त सभी

6. प्रभावशील निदेशन का 'यूनिट ऑफ कॅमाण्ड' (एकल समादेश) सिद्धान्त बताता है:

(A) अधीनस्थों के बीच एकता

(B) सभी को एक ही आदेश

(C) आदेश को बदला नहीं जा सकता

(D) अधीनस्थ केवल एक उच्च अधिकारी को जवाबदेय

7. Match ***List I*** (Management thinkers) with ***List II*** (Sequence of functions advocated by them) and select the correct answer using the codes given below :

	List I		***List II***
(a)	Newman and Summer	(i)	Organising, planning, leading and controlling
(b)	Henry Fayol	(ii)	Planning, organising, commanding, coordinating and controlling
(c)	Luther Gullick	(iii)	Planning, organising, staffing, directing and controlling
(d)	Koontz and O'Donnel	(iv)	"POSDCORB"

Codes :

	(a)	*(b)*	*(c)*	*(d)*
(A)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(B)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(C)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(D)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)

8. Match the following :

	List I		***List II***
(a)	Staff Executives	(i)	Advisory function
(b)	Directing	(ii)	Manpower development
(c)	Line Executives	(iii)	Guiding function
(d)	Staffing	(iv)	Managerial authority

Codes :

	(a)	*(b)*	*(c)*	*(d)*
(A)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)
(B)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(C)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(D)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)

9. A special kind of plan formulated in order to meet the challenge of competitors is called :

(A) Strategy
(B) Single use plan
(C) Programme
(D) Project

7. ***सूची I*** (प्रबन्ध चिन्तक) का ***सूची II*** (उनके द्वारा समर्थन प्राप्त कार्यों का अनुक्रम) के साथ मिलान करिये और नीचे दिये कूट संकेतों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन करिये :।

सूची I		***सूची II***	
(a)	न्युमैन व समर	(i)	संगठित, नियोजन, नेतृत्व और नियन्त्रण करना
(b)	हेनरी फेओल	(ii)	नियोजन, संगठित, आदेश, समन्वय और नियन्त्रण करना
(c)	लूथर गुल्हिक	(iii)	नियोजन, संगठित, भर्ती, निदेशन और नियन्त्रण करना
(d)	कूंट्ज़ एवं ओ'डॉन्नेल	(iv)	पी ओ एस डी सी ओ आर बी

कूट :

	(a)	*(b)*	*(c)*	*(d)*
(A)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(B)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(C)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(D)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)

8. निम्नलिखित का मिलान करिये।

सूची I		***सूची II***	
(a)	स्टाफ कार्यपालक	(i)	परामर्श सम्बन्धी कार्य
(b)	निदेशन	(ii)	जनशक्ति विकास
(c)	लाईन कार्यपालक	(iii)	मार्गदर्शी प्रकार्य
(d)	कर्मचारी भर्ती करना	(iv)	प्रबन्धकीय सत्ता

कूट :

	(a)	*(b)*	*(c)*	*(d)*
(A)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)
(B)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(C)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(D)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)

9. प्रतियोगियों की चुनौति का सामना करने के लिये निर्मित विशेष प्रकार की योजना को कहते है :

(A) रणनीति
(B) सिंगल यूज़ प्लान (एकल उपयोग योजना)
(C) निष्पादन
(D) प्रोजेक्ट (परियोजना)

10. Directing function of management includes :

(A) Issuing orders to subordinates

(B) Supervising subordinates

(C) Guiding and teaching subordinates

(D) All the above

11. Approaches to job design includes :

(A) Engineering approach

(B) Human approach

(C) The job characteristic approach

(D) All the above

12. Formula for Labour Turnover rate is :

(A) $\text{Labour Turnover} = \frac{\text{Temporary total loss}}{\text{Temporary partial loss}} \times 100$

(B) $\text{Labour Turnover} = \frac{\text{Permanent total loss}}{\text{Permanent partial loss}} \times 100$

(C) $\text{Labour Turnover} = \frac{\text{Number of employees left during a specified period}}{\text{Average number of employees during the same period}} \times 100$

(D) $\text{Labour Turnover} = \frac{\text{Number of employees present}}{\text{Number of employees left}} \times 100$

13. Bonus is paid from :

(A) Gross profit

(B) Available surplus

(C) Allocable surplus

(D) None of the above

10. प्रबन्ध के प्रकार्य का निदेशन करना समाविष्ट करता है :

(A) अधीनस्थों को आदेश ज़ारी करना

(B) अधीनस्थों का पर्यवेक्षण करना

(C) अधीनस्थों का मार्गदर्शन और शिक्षण करना

(D) उपर्युक्त सभी

11. कार्य (जॉब) परिरूप के उपागमों (दृष्टिकोणों) में शामिल है :

(A) इन्जीनियरिंग उपागम

(B) मानवीय उपागम

(C) कार्य (जॉब) वैशिष्ट्य उपागम

(D) उपर्युक्त सभी

12. श्रम पण्यावर्त का फार्मूला है :

(A) $\text{श्रम पण्यावर्त} = \dfrac{\text{अस्थायी कुल हानि}}{\text{अस्थायी आंशिक हानि}} \times 100$

(B) $\text{श्रम पण्यावर्त} = \dfrac{\text{स्थायी कुल हानि}}{\text{स्थायी आंशिक हानि}} \times 100$

(C) $\text{श्रम पण्यावर्त} = \dfrac{\text{एक विशिष्ट अवधि के दौरान बच गए कर्मचारियों की संख्या}}{\text{उसी अवधि के दौरान कर्मचारियों की औसत संख्या}} \times 100$

(D) $\text{श्रम पण्यावर्त} = \dfrac{\text{उपस्थित कर्मचारियों की संख्या}}{\text{बच गये कर्मचारियों की संख्या}} \times 100$

13. बोनस किस में से दिया जाता है?

(A) कुल (सकल) लाभ

(B) उपलब्ध अतिरेक

(C) आवंटन योग्य अतिरेक

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

14. **Assertion (A) :** National minimum wage policy for unorganised workers can bring uniformity in rate of minimum wages in all the states.

Reason (R) : Uniformity in rate of minimum wages cannot be maintained in all the states.

Codes :

(A) **(A)** is right, **(R)** is wrong

(B) Both **(A)** and **(R)** are wrong

(C) Both **(A)** and **(R)** are right

(D) **(A)** is wrong, **(R)** is right

15. Under job Evaluation techniques ranking method includes :

(A) Simple ranking

(B) Ranking the key jobs

(C) Paired comparison

(D) All the above

16. Match the following :

	List I		***List II***
(a)	Job specification	(i)	Procedure for determining duties and skills for a job and the kind of person required to perform
(b)	Career	(ii)	List of Job's duties, responsibilities, reporting, relations, working conditions
(c)	Job analysis	(iii)	List of job's human requirements in terms of education, skills, personality etc.
(d)	Job description	(iv)	The occupational positions a person has had over many years

Codes :

	(a)	***(b)***	***(c)***	***(d)***
(A)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(B)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(C)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(D)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)

14. **अभिकथन (A) :** असंगठित मजदूरों के लिये, राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूर नीति सब राज्यों में न्यूनतम मजदूरी की दर में एकरूपता ला सकती है।

कारण (R) : सब राज्यों में न्यूनतम मजदूरी की दर में एकरूपता कायम नहीं रखी जा सकती है।

कूट :

(A) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(D) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

15. कार्य मूल्यांकन प्रविधि के अंतर्गत रेंकिंग विधि में शामिल है :

(A) सरल रेंकिंग

(B) मुख्य कार्यों (जॉब) की रेंकिंग

(C) युग्मित तुलना

(D) उपर्युक्त सभी

16. निम्नलिखित का मिलान करिये।

	सूची I		***सूची II***
(a)	जॉब विशिष्ट विवरण	(i)	जॉब की ड्यूटीयाँ और कौशल और कार्य निष्पादन के लिए व्यक्ति के प्रकार का निर्धारण करने की कार्यविधि
(b)	केरियर	(ii)	जॉब की ड्यूटियाँ, जिम्मेदारियाँ, रिपोर्टिंग, सम्बन्ध, कार्य करने की स्थितियाँ
(c)	जॉब विश्लेषण	(iii)	शिक्षा, कौशल, व्यक्तित्व इत्यादि के सम्बन्ध में जॉब की मानवीय जरूरतों की सूची
(d)	जॉब विवरण	(iv)	व्यक्ति द्वारा बहुत वर्षों के बाद प्राप्त व्यवसायिक पदस्थिति

कूट :

	(a)	*(b)*	*(c)*	*(d)*
(A)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(B)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(C)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(D)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)

17. Which of the following is (are) the goal(s) of HRD ?

(A) Attracting people to organisation and retaining them

(B) Maximising performance in assigned roles

(C) Maximising performance in future roles

(D) All the above

18. The influence of rater's general impression on ratings of specific rate qualities is called :

(A) Halo effect
(B) Central tendency
(C) Leniency
(D) Howthorne Effect

19. A voluntary group of workers, to examine work-related problems that affect quality of output, is called :

(A) Quality of work life
(B) Quality team
(C) Quality circle
(D) All the above

20. Restructuring of job content and division of responsibility between jobs to increase the amount of responsibility is called :

(A) Job enlargement
(B) Job enrichment
(C) Job analysis
(D) Job evaluation

21. The 'Tri-dimensional grid' was developed by :

(A) Fayol
(B) Gullick
(C) F. W. Taylor
(D) Reddin

22. Who gave 'Theory X' and 'Theory Y' of motivation ?

(A) Maslow
(B) Herzberg
(C) Mc Gregor
(D) Kurt Lewin

17. निम्नलिखित में से एच.आर.डी. का उद्देश्य कौन सा (कौन से) है(हैं) ?

(A) लोगों को संगठन की ओर आकर्षित करना और उन्हें रोके रखना (प्रतिधारण करना)

(B) निर्दिष्ट भूमिकाओं में निष्पादन को अधिकतम करना

(C) भावी भूमिकाओं के निष्पादन को अधिकतम करना

(D) उपर्युक्त सभी

18. निष्पादक के गुणों की श्रेणी निर्धारण पर श्रेणी निर्धारक की सामान्य राय के प्रभाव को क्या कहते है?

(A) हेलौ प्रभाव (B) केन्द्रीय प्रवृत्ति

(C) नरमी (D) हॉथोर्न प्रभाव

19. उत्पादन की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली कार्य-सम्बद्धित समस्याओं की परीक्षा करने वाले कार्यकर्ताओं का स्वैच्छिक समूह कहलाता है :

(A) कार्य जीवन की गुणवत्ता (B) गुणवत्ता टीम

(C) गुणवत्ता सर्किल (D) उपर्युक्त सभी

20. उत्तरदायित्व की मात्रा बढ़ाने के लिये कार्यों के बीच जिम्मेदारी का विभाजन और कार्य सूची का पुनर्निर्माण करना कहलाता है :

(A) कार्यावर्धन (B) कार्य संवर्धन

(C) कार्य विश्लेषण (D) कार्य मूल्यांकन

21. त्रि-आयामी ग्रिड किसके द्वारा विकसित की गई थी?

(A) फेयोल (B) गुल्लिक

(C) एफ.डब्लु. टेलर (D) रेड्डिन

22. अभिप्रेरणा का 'थ्योरी-एक्स' और 'थ्योरी-वाई' किसने दिया?

(A) मासलो (B) हर्ज़बर्ग

(C) मैक ग्रेगर (D) कर्ट लेविन

23. __________ is the third person acting as a catalyst, who assists in the achievement of the smooth introduction and implementation of change.

(A) Change manager
(B) Change supervisor
(C) Change player
(D) Change agent

24. What is the correct sequence of stages of group development ?

(i) Norming
(ii) Forming
(iii) Storming

(A) (i), (ii) and (iii)
(B) (ii), (iii) and (i)
(C) (iii), (ii) and (i)
(D) None of the above

25. The main objective of workers' participation in management is __________.

(A) To promote increased productivity for the advantage of organisation, workers and society at large
(B) To develop, enhance and utilise resources effectively
(C) To improve various skills of workers in organisation
(D) To respond to the members' demands both formally and informally

26. As per the Industrial dispute Act. 1947 the constitution of works committee is mandatory if the number of workers are :

(A) 200 or more
(B) 100 or more
(C) 300 or more
(D) None of the above

27. Temporary cessation of work by a group of workers is called :

(A) Strike
(B) Gherao
(C) Lockout
(D) None of the above

23. __________ उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने वाला तीसरा व्यक्ति है, जो परिवर्तन की निर्विघ्न शुरुआत और क्रियान्वयन की लब्धि में सहायता करता है।

(A) परिवर्तन प्रबंधक
(B) परिवर्तन पर्यवेक्षक
(C) परिवर्तन खिलाड़ी
(D) परिवर्तन एजेन्ट

24. समूह विकास की अवस्थाओं का सही अनुक्रम क्या है ?

(i) 'नोर्मिंग'
(ii) 'फोर्मिंग'
(iii) 'स्टोर्मिंग'

(A) (i), (ii) और (iii)
(B) (ii), (iii) और (i)
(C) (iii), (ii) और (i)
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

25. प्रबन्ध में श्रमिकों की सहभागिता का मुख्य उद्देश्य है :

(A) संगठन, श्रमिकों और समस्त समाज के लाभ के लिए उत्पादकता में वृद्धि को प्रौन्नत करना
(B) संसाधनों का प्रभावपूर्णता से उपयोग, बढ़ौतरी और विकास
(C) संगठन में श्रमिकों के विभिन्न कौशलों को सुधारना
(D) सदस्यों की मांगों का औपचारिक एवं अनौपचारिक रूप से जवाब देना

26. औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अनुसार कार्य समिति का संविधान आदेशात्मक है यदि श्रमिकों की संख्या है :

(A) 200 या ज्यादा
(B) 100 या ज्यादा
(C) 300 या ज्यादा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

27. श्रमिकों द्वारा कार्य का अस्थायी विराम कहलाता है :

(A) हड़ताल
(B) घेराबंदी
(C) तालाबंदी
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

28. The inability of an employer to provide employment due to shortage of power, rawmaterial and breakdown of machinery is called __________.

(A) Retrenchment (B) Lockout

(C) Lay off (D) None of the above

29. Which of the following is/are the essence of model grievance procedure ?

(A) Settlement at the lower level

(B) Settlement as expeditiously as possible

(C) Settlement to the satisfaction of the aggrieved

(D) All the above

30. Intra-Union rivalry means :

(A) Rivalry between unions

(B) Rivalry within the same union

(C) Rivalry between unions and management

(D) Rivalry between unions and government

31. UTUC was formed in the year :

(A) 1949 (B) 1984 (C) 1920 (D) 1947

32. Who is the President of INTUC ?

(A) Sanjeeva Reddy (B) Dutta Samanth

(C) Sitaram Etchuri (D) S. R. Kulkarni

33. Arrange the following in the order they appeared. Use the codes given below :

(i) First Labour Legislation

(ii) I. L. O.

(iii) Indian Constitution

(iv) E. S. I. Corporation

(A) (iv) (ii) (iii) (i)

(B) (i) (ii) (iii) (iv)

(C) (ii) (i) (iv) (iii)

(D) (i) (ii) (iv) (iii)

28. सत्ता, कच्चेमाल की कमी और मशीनरी के टूट जाने की वजह से नियोक्ता द्वारा रोजगार प्रदान करने की असमर्थता कहलाती है :

(A) छंटनी (B) तालाबंदी
(C) कामबंदी (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

29. निम्नलिखित में से 'मॉडल ग्रीवेन्स प्रोसीजर' का मूल तत्व कौन सा है?

(A) निम्न स्तर पर समझौता
(B) जितना शीघ्र ही सम्भव हो समझौता करना
(C) व्यथित के सन्तोष के लिये समझौता
(D) उपर्युक्त सभी

30. अंतरा-संघ प्रतिद्वन्दिता का अर्थ है :

(A) संघों के बीच प्रतिद्वन्दिता
(B) एक ही संघ के अन्दर प्रतिद्वन्दिता
(C) संघों और प्रबन्ध के बीच प्रतिद्वन्दिता
(D) संघों और सरकार के बीच प्रतिद्वन्दिता

31. यू टी यू सी (यूटक) किस वर्ष में बना था?

(A) 1949 (B) 1984 (C) 1920 (D) 1947

32. इनटक (आइ एन टी यू सी) का अध्यक्ष कौन है?

(A) संजीव रेड्डी (B) दत्ता सामंथ
(C) सीताराम एचूरी (D) एस.आर. कुलकर्णी

33. निम्नलिखित को उनके प्रकट होने के क्रम में व्यवस्थित करें। नीचे दिये कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन करें।

(i) प्रथम श्रम कानून
(ii) आइ.एल.ओ.
(iii) भारतीय संविधान
(iv) ई.एस.आई. निगम

(A) (iv) (ii) (iii) (i)
(B) (i) (ii) (iii) (iv)
(C) (ii) (i) (iv) (iii)
(D) (i) (ii) (iv) (iii)

34. Arrange the following Acts in the order they were enacted. Use the codes given below :

(i) Workmen's Compensation Act

(ii) Maternity Benefit Act

(iii) Factories Act

(iv) Equal Remuneration Act

(A) (i) (iii) (ii) (iv)

(B) (i) (iv) (iii) (ii)

(C) (ii) (iii) (iv) (i)

(D) (iv) (ii) (iii) (i)

35. Which of the following is not correct ?

(A) Both the Central and State Governments can enact labour laws

(B) Only the Central Government can enact labour laws

(C) Only the State Government can enact labour laws

(D) None of them can enact labour laws

36. Which of the following statements is wrong ?

(A) Part IV of the Indian Constitution deals with the Directive Principles of State Policy

(B) Employees State Insurance Act was enacted in the year 1948

(C) Factories Act, 1948 comes under the category of Social Security Legislations

(D) Social Assistance is contributory in nature

37. Which of the following statements is not correct ?

(A) The basic objective of labour laws is to protect interest of both parties in industry

(B) Labour laws protect only the interest of working class

(C) Labour laws control the behaviour of both the parties in industry

(D) Labour laws protect the interest of employers only

34. निम्नलिखित अधिनियमों को उनके पारित होने के क्रम में व्यवस्थित करें। नीचे दिये कूट का प्रयोग करें।

(i) श्रमजीवी क्षतिपूर्ति अधिनियम

(ii) मातृत्व लाभ अधिनियम

(iii) कारखाना अधिनियम

(iv) सम पारिश्रमिक अधिनियम

(A) (i) (iii) (ii) (iv)

(B) (i) (iv) (iii) (ii)

(C) (ii) (iii) (iv) (i)

(D) (iv) (ii) (iii) (i)

35. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) केन्द्रीय और राज्य दोनों सरकारें कानून बना सकती हैं।

(B) केवल केन्द्रीय सरकार श्रम कानून बना सकती है।

(C) केवल राज्य सरकार श्रम कानून बना सकती है।

(D) इनमें से कोई श्रम कानून नहीं बना सकती है।

36. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

(A) भारतीय संविधान का भाग-IV राज्य नीति के निदेशित सिद्धान्तों से सम्बद्धित है।

(B) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम वर्ष 1948 में बना था।

(C) कारखाना अधिनियम, 1948 सामाजिक सुरक्षा विधि व्यवस्था के वर्ग में आता है।

(D) सामाजिक सहायता सहकारी प्रकृति की है।

37. कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) श्रम कानूनों का मूलभूत उद्देश्य उद्योग में दोनों दलों के हितों का संरक्षण करना है।

(B) श्रम कानून केवल श्रमजीवी वर्ग के हित का संरक्षण करते हैं।

(C) श्रम कानून उद्योग में दोनों दलों के व्यवहार को नियन्त्रित करते हैं।

(D) श्रम कानून केवल नियोक्ताओं के हित का संरक्षण करते हैं।

38. Which of the following statements relating to the Trade Unions Act is correct ?

(A) A registered trade union cannot constitute a separate fund for political purposes

(B) Any person who has attained the age of fourteen years may be a member of a registered trade union

(C) A person who has not attained the age of eighteen years shall be disqualified for being chosen as an office-bearer a union

(D) The general fund of a union cannot be spent for payment of salaries to office-bearers of the union

39. The Industrial Employment (Standing Orders) Act, 1946 is applicable to every establishment wherein __________ workmen are employed.

(A) 50 (B) 70 (C) 80 (D) 100

40. Which schedule of the Industrial Disputes Act, 1947 gives the list of public utility services ?

(A) First Schedule (B) Second Schedule

(C) Third Schedule (D) Fourth Schedule

41. The Equal Remuneration Act was enacted in the year __________.

(A) 1972 (B) 1974 (C) 1976 (D) 1977

42. Which of the following statements relating to the Payment of Wages Act is not correct ?

(A) The Act was enacted in 1936

(B) Under this Act payment of wages cannot be made fortnightly

(C) The Act has provision for authorised deductions from wages

(D) Under this Act, the definition of 'Employed Person' includes the legal representative of a deceased employee

43. 'Trusteeship theory' of labour welfare was proposed by :

(A) M. K. Gandhi (B) V. V. Giri

(C) Bal Gangadhar Tilak (D) Jawaharlal Nehru

38. मजदूर संघ अधिनियम के सम्बद्ध में कौन सा कथन सही है?

(A) पंजीकृत मजदूर संघ राजनैतिक उद्देश्यों के लिये पृथक निधि नहीं बना सकता है।

(B) कोई भी व्यक्ति जो चौदह वर्ष की आयु का हो गया है पंजीकृत मजदूर संघ का सदस्य हो सकता है।

(C) जिस व्यक्ति की आयु अठारह वर्ष की नहीं हुई है वह संघ का पदाधिकारी चुने जाने से अनर्हीकृत ठहराया जायेगा।

(D) संघ की सामान्य निधि संघ के पदाधिकारियों के वेतन भुगतान के लिये व्यय नहीं की जा सकती है।

39. औद्योगिक रोजगार (स्थायी समादेश) अधिनियम, 1946 प्रत्येक प्रतिष्ठापन पर जहाँ कि __________ श्रमजीवी कार्यरत हैं पर लागू होता है।

(A) 50 (B) 70 (C) 80 (D) 100

40. औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की किस अनुसूची में लोक उपयोगिता सेवाओं की सूची दी गई है?

(A) प्रथम अनुसूची (B) द्वितीय अनुसूची

(C) तृतीय अनुसूची (D) चौथी अनुसूची

41. सम पारिश्रमिक अधिनियम किस वर्ष में बना था?

(A) 1972 (B) 1974 (C) 1976 (D) 1977

42. मजदूरी भुगतान अधिनियम से सम्बद्धित कथनों में से कौन सा सही नहीं है?

(A) अधिनियम 1936 में बना था।

(B) अधिनियम के अंतर्गत मजदूरी का पाक्षिक भुगतान नहीं किया जा सकता है।

(C) मजदूरी से प्राधिकृत कटौतियों के लिये अधिनियम में प्रावधान है।

(D) इस अधिनियम के अंतर्गत, 'नियुक्त व्यक्ति' की परिभाषा दिवंगत कर्मचारी के कानूनी प्रतिनिधि को समाविष्ट करती है।

43. श्रम कल्याण का 'ट्रस्टीशिप सिद्धान्त' किसके द्वारा प्रस्तावित किया गया था?

(A) एम.के. गांधी (B) वी.वी. गिरि

(C) बाल गंगाधर तिलक (D) जवाहरलाल नेहरु

44. Employers are required to provide a creche if the number of women workers employed in factory is :

(A) more than 50
(B) more than 30
(C) more than 100
(D) more than 150

45. Welfare programmes undertaken outside the organisation are called :

(A) Statutory welfare programme
(B) Intra mural welfare programmes
(C) Extra mural welfare programmes
(D) Non statutory welfare programmes

46. ILO was formed in the year :

(A) 1919
(B) 1947
(C) 1951
(D) 1926

47. Wages expressed in terms of money are called :

(A) Nominal wages
(B) Real wages
(C) Wage scales
(D) Fringe Benefits

48. The Residual Claimant Theory of Wages was propounded by :

(A) Karl Marx
(B) David Ricardo
(C) David John
(D) Francis A. Walker

49. If a wage rate is determined by job evaluation, it is called :

(A) Real wage
(B) Standard wage rate
(C) Piece - rate
(D) Time - rate

50. The committee on Fair Wages was appointed in India in the year __________.

(A) 1946
(B) 1947
(C) 1948
(D) 1949

- o O o -

44. नियोक्ताओं को क्रेच की सुविधा प्रदान करनी पड़ती है यदि कारखाने में काम कर रही स्त्री श्रमिकों की संख्या :

(A) 50 से अधिक है। (B) 30 से अधिक है।

(C) 100 से अधिक है। (D) 150 से अधिक है।

45. संगठन से बाहर चलाये जाने वाले कल्याण कार्यक्रम कहलाते हैं :

(A) वैधानिक कल्याण कार्यक्रम

(B) इंट्राम्यूरल कल्याण कार्यक्रम

(C) एक्सट्राम्यूरल कल्याण कार्यक्रम

(D) अवैधानिक कल्याण कार्यक्रम

46. आइ.एल.ओ. की स्थापना किस वर्ष में हुई थी ?

(A) 1919 (B) 1947 (C) 1951 (D) 1926

47. मौद्रिक रूप से व्यक्त मजदूरी कहलाती है :

(A) सामान्य मजदूरी (B) असल मजदूरी

(C) मजदूरी स्केल (श्रेणी) (D) अनुषंगी लाभ

48. मजदूरी का रेज़ीड्युएल क्लेमेंट सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ?

(A) कार्ल मार्क्स (B) डेविड रिकार्डो

(C) डेविड जॉन (D) फ्रांसिस ए. वॉकर

49. यदि मजदूरी की दर का निर्धारण कार्य (जॉब) मूल्यांकन द्वारा होता है तो इसे कहते हैं :

(A) असल (वास्तविक) मजदूरी (B) मानक मजदूरी दर

(C) उजरती दर (पीस - रेट) (D) समय दर

50. भारत में न्यायोचित मजदूरी पर समिति किस वर्ष में नियुक्त की गई थी ?

(A) 1946 (B) 1947 (C) 1948 (D) 1949

- o O o -

Space For Rough Work